दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, रविवार 28 नवंबर 2021
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### अजीजगढ़ का कुल देह रकबा हुआ 279.439 हेक्टेयर, कलेक्टर ने जारी किया अधिसूचना

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने ग्राम अजीजगढ़ के संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत ग्राम अजीजगढ़ कुल क्षेत्रफल 116.540 हेक्टेयर से लगे असीमांकित असर्वेक्षित एवं अवर्गीकृत क्षेत्रफल 193.835 हेक्टेयर में से 162.899 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 68 एवं 73 के द्वारा प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम अजीजगढ़ में राजस्व भूमि के रूप में सम्मिलित किया जाता है। असीमांकित क्षेत्र में स्थित वन भूमि कुल क्षेत्रफल 30.936 हेक्टेयर को पृथक किया जाता है। असीमांकित, असर्वेक्षित एवं अवर्गीकृत क्षेत्रफल को सम्मिलित करने के पश्चात ग्राम अजीजगढ़ का कुल देह रकबा 279.439 हेक्टेयर हो जाएगा।

### खरसिया के तलाबों में मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** जनपद पंचायत खरसिया के अधीनस्थ तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा आबंटित किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति आवश्यक दस्तावेज सहित जनपद पंचायत खरसिया में आवेदन जमाकर पावती प्राप्त कर सकते है। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर जनपद पंचायत की बैठक में विचार नहीं किया जाएगा। जिन तलाबों में मछली पालन के लिए पट्टा प्रदाय किया जाना है। इनमें बिलासपुर 70.41 हेक्टेयर, कुनकुनी 12.95 हेक्टेयर, नगोई 41.03 हेक्टेयर एवं रक्सापाली 10.413 हेक्टेयर शामिल है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खरसिया में संपर्क कर सकते है।

### नये मतदाताओं के लिए लकी ड्रॉ जीतने का सुनहरा अवसर

**रायगढ़।** 01 नवम्बर 2021 से शुरू विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने वाले नए मतदाताओं के लिए लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। लकी ड्रॉ नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन नंबर को आधार मानकर निकाला जाएगा। यह लकी ड्रॉ राज्य स्तर पर निकाला जाएगा। प्रत्येक जिले से एक नए मतदाता का लकी ड्रॉ में चयन किया जाएगा तथा चयनित मतदाता को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इसलिए इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर, निकटतम मतदान केन्द्र पर या ऑनलाईन फार्म-6 भरें एवं नये मतदाता बनिए तथा लकी ड्रॉ प्रतियोगिता में विजेता का सम्मान प्राप्त कीजिए।

### पटवारी ने शासकीय भूमि को निजी बताकर बेचा

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के ग्राम पैगडापल्ली में पटवारी यशवंत राव के द्वारा शासकीय भूमि को निजी भूमि बताकर उसकी फर्जी दस्तावेज बनाकर अपने ही रिश्तेदार को बेचने का मामला सामने आने के बाद गांव वालों ने इसकी शिकायत विधायक से लेकर कलेक्टर तक की है। ग्राम पैगडापल्ली के सरपंच के द्वारा शासकीय भूमि को बेचने की शिकायत कलेक्टर बीजापुर से कर दी गई है, कलेक्टर ने जांच कराने आश्वासन दिया है।

# धान खरीदी केन्द्र में सभी तैयारियां कर लें पूरी, एसडीएम करेंगे सतत् मॉनिटरिंग:कलेक्टर सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने ली राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने आगामी धान खरीदी के मद्देनजर सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्रों के उपार्जन केन्द्रों के साथ सभी संवेदनशील खरीदी केन्द्रों की विशेष रूप से निगरानी के निर्देश तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील केन्द्रों में सीसी टीवी कैमरा लगवाया जाए। अधिकारियों ने बताया कि 30 नवम्बर तक सीसी टीवी कैमरे लगवा दिए जायेंगे। कलेक्टर सिंह ने अंतर्राज्यीय सीमाओं पर बने चेक पोस्ट की भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को चेक पोस्ट पर नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा। साथ ही यहां ड्यूटीरत कर्मचारियों के लिए बिजली, पानी एवं बैठक की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने किसानों के ऑनलाईन एन्ट्री तथा उसमें त्रुटि सुधार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तहसील माड्यूल खुला हुआ है। धान बोने वाले किसान का रकबा शून्य दिखा रहा है अथवा उसमें सुधार की जरूरत है तो वह तहसील माड्यूल पर किया जा सकेगा तथा सभी तहसीलदार किसानों के रकबा संशोधन के समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें।



कलेक्टर सिंह ने खाद्य विभाग को बारदानों का पर्याप्त स्टॉक रखने एवं किसान बारदानें के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि सोसायटी में उपलब्ध बारदानें की स्टॉक की मॉनिटरिंग करें एवं कमी होने पर तत्काल सूचित करें।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने आदिवासी विकास विभाग से वनअधिकार पट्टा वितरण की समीक्षा की। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि पट्टा वितरण के लिए आवेदन मंगाये जा रहे है। जिसका अनुमोदन पश्चात समीक्षा कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण एवं फ्री होल्ड वाले प्रकरण की जानकारी ली।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने व्यवस्थापन के टारगेट तथा उपलब्धि पर चर्चा की तथा संबंधित अधिकारी को व्यवस्थापन पर आदेश की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने डायवर्सन पर पर्याप्त वसूली नहीं होने पर नाराजगी जताई। इस दौरान उन्होंने ई-कोर्ट संचालन की भी जानकारी ली। ई-नामांतरण, विवादित नामांतरण, सीमांकन से संबंधित प्रकरणों पर तहसीलवार जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अविवादित नामांतरण के संबंध में निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण एक वर्ष से अधिक लंबित न हो। साथ ही नामांतरण एवं बंटवारे के प्रकरणों का भी तेजी से निराकरण किया जाए। आरबीसी 6-4 से संबधित प्रकरण पर कलेक्टर सिंह ने कहा कोई भी प्रकरण 6 माह से अधिक नहीं होना चाहिए। कलेक्टर सिंह ने सड़क दुर्घटना, अज्ञात वाहन एक्सीडेंट से संबंधित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जाति प्रमाण निर्माण की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने नई तहसील के गठन से संबंधित दावा-आपत्ति की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने हाट-बाजार योजना के अन्तर्गत संचालित वाहनों की जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि गाड़ियां समय से निश्चित स्थान में पहुंचे सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सिंह ने तहसीलों में पटवारियों की पदस्थापना संबंधी जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि पटवारियों से समय पर प्रतिवेदन लिया जाए। जिससे तहसील के कार्य प्रभावित न हो। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने पटवारियों के लिए कम्प्यूटर खरीदी की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, संयुक्त कलेक्टर राजीव पाण्डेय, सुश्री अभिलाषा पैंकरा, समस्त डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**» होटल की आड़ में अवैध शराब बेचने की सूचना पर चौकी कनकबीरा की कार्रवाई**



**रायगढ़।** दिनांक 27.11.2021 को पुलिस चौकी प्रभारी कनकबीरा को मुखबिर से सूचना मिला कि इन्द्रा आवास में रहने वाला विद्याधर चौहान अपने होटल की आड़ में अवैध रूप से शराब बिक्री करता है तथा आज अपने साथी हरिहर दास वैष्णव के साथ शराब लेने गया है। सूचना पर कार्रवाई करने चौकी कनकबीरा से स्टाफ कार्रवाई करने इन्द्रा आवास पहुंची, जहां मोटर सायकल पर सीजी 13 एच 8772 को हरिदास चलाते आ रहा था पीछे विद्याधर चौहान शराब लेकर मोटर सायकल में बैठा था। आरोपी 1- विद्यधर चौहान पिता शिव प्रसाद चौहान उम्र 34 वर्ष 2- हरिहर दास पिता बोधनदास वैष्णव उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी सालर चौकी कनकबीरा थाना सारंगढ़ से 10 लीटर महुआ शराब की जप्ती गई है। आरोपियों से अवैध शराब व मोटर सायकल की जप्ती कर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## धान खरीदी पंजीयन से जुड़ी विसंगतियों का तहसील माड्यूल से हो रहा निराकरण

**» त्रुटि सुधार के लिए किसान तहसील कार्यालयों में कर सकते है संपर्क**

**रायगढ़।** खरीफ वर्ष 2021-22 में किसान पंजीयन हेतु 10 नवंबर 2021 तक प्राप्त आवेदनों के पंजीकरण तथा तकनीकी त्रुटि में सुधार हेतु 20 नवंबर 2021 तक समय सीमा वृद्धि की गयी थी, जिसका प्रदर्शन समितियों में कराया गया है। जिले के किसान अवलोकन करने पश्चात अगर विसंगती है तो अपना दावा-आपत्ति समिति स्तर पर जमा कर सकते है। जिसका परीक्षण तहसील स्तर पर गठित राजस्व, खाद्य, सहकारिता के दल द्वारा किया जा रहा है। दल के अभीमत अनुसार संबंधित तहसीलदार द्वारा अपने मॉड्यूल से कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही किए जाने हेतु किसानों की सुविधा के लिए समस्त लंबित आवेदनों के निराकरण के संबंध में अब से ऑनलाईन तहसील माड्यूल एवं अपैक्स बैंक के द्वारा उनके मॉड्यूल से कार्य को पूर्ण किया जा रहा है।



जिसके तहत जिले में 10 नवम्बर 2021 तक प्राप्त नवीन किसान पंजीयन के आवेदन के पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है। भुईया पोर्टल में दर्ज गिरदावरी डेटा के अनुसार किसान पंजीयन में रकबा संशोधन/अपडेशन/ वारिसान पंजीयन, संयुक्त खाते वाले किसान पंजीयन, निरस्त किए जाने योग्य पंजीकरण के निरस्तीकरण, अधिया/रेगहा संबंधी पंजीयन, डुबान संबंधी पंजीयन की कार्यवाही संबंधित तहसीलदारों के मॉड्यूल से किया जा रहा है। इसी तरह अपेक्स बैंक के द्वारा समिति से ग्राम की मैपिंग में संशोधन एवं सुधार तथा पंजीकृत कृषकों के उपार्जन केन्द्र संशोधन/परिवर्तन से संबंधित कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस सत्ता में आई तो किसानों से 400 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदी करेगी - भूपेश बघेल

**» छत्तीसगढ़ की तरह उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड में भी कांग्रेस विकास की गंगा बहाएगी**

**रायपुर/महोबा (आरएनएस)।** ये बुंदेलखंड की धरती वीरों की धरती है। इस क्षेत्र के लोंगों ने अपमान कभी सहन नहीं किया। एक सीमा के बाद यहां के लोग अन्याय करने वालों के खिलाफ लड़ते हैं। एक वीडियो हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आपने देखा होगा। जिसमें एक्सप्रेस हाईवे के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री शानदार गाड़ी में बैठकर जा रहे हैं और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाड़ी के पीछे-पीछे पैदल जा रहे हैं। मोदी को खतरा है कि गाड़ी में योगी के बैठने से कहीं उनकी गद्दी पर योगी कब्जा न कर ले।

उक्त संबोधन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्तर प्रदेश के आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव में झांसी की विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश संतों की भूमि है यहां पर राजा-महाराजा संतों से शिक्षा दीक्षा लिया करते थे।



मोदी ने संतो के कंधों पर हाथ रखकर भारत की सनातनी परंपरा का अपमान किया है। आजकल उत्तर प्रदेश में जो हवा चल रही है जो बयानबाजी हो रही है। वह धार्मिक आधार पर देश को बांटने की साजिश है। धर्म के नाम पर वोट देने के बाद भी जनता को क्या मिला। प्रियंका गांधी प्रतिज्ञा रैली में आपसे संकल्प मांगने आई हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में आने पर किसानों से 400 रूपए क्विंटल की दर से प्रति क्विंटन गन्ना खरीदेगी। युवा बेरोजगारों के लिए रोजगार के नए रास्ते खोले जाएंगे। राहुल गांधी 2018 में छत्तीसगढ़ आए तो उन्होंने किसानों से ऋण माफी का वायदा किया था जिसका सुपरिणाम छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को भारी बहुमत से जीताकर विधानसभा में भेजा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी 2500 प्रति क्विंटल में खरीदने की बात कहते हुए आमसभा में उत्तर प्रदेश में भी 2500 रूपए क्विंटल धान खरीदी किए जाने का चुनावी वायदा किया। छत्तीसगढ़ में विकास की योजनाएं कांग्रेस सरकार ने जोर-शोर से चला रही है। जिसका समर्थन आम जनता कर रही है।

## नागदरहा में हाथियों ने खेतों में मचाया उत्पात, फसल को रौंद कर किया तहस नहस

**रायगढ़ (आरएनएस)।** धरमजयगढ़ में हाथी के आमद से किसान फसल सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हर दिन हाथियों की चहलकदमी से धान की फसल को क्षति पहुंच रही है।वन मंडल धरमजयगढ़ के क्षेत्र के पोटिया, खलबोरा और ओंगना आदि गांवों में आए दिन धान फसल को रौंद-खाकर नुकसान पहुंचा रहे हैं।



हाथियों ने खेतों में जमकर उत्पात मचाया। फसल को रौंद-खाकर तहस नहस कर दिया। गौरतलब है कि हाथियों के उत्पात के चलते किसान परिवार रात में चौकसी करने से बच रहे हैं। ओंगना में घर घुसकर हाथी से युवक की मौत सुर गेरसा में हुई मौत की घटना के बाद से किसान अपने ही खेत मे फसल की रात्रिकालीन चौकसी करने से बच रहे हैं। हालात यह है कि हाथी विचरण क्षेत्र में हर सुबह किसी न किसी किसान के खेत में फसलों को क्षति पहुंची होती है।हाथियों के विचरण से आलम यह है कि खेतो में खड़ी फसल की कटाई से ग्रामीण घबरा रहे हैं बीती रातलगभग 10 हाथियों का दल पोटिया तरफ से नागदरहा पहुचकर नवाडीह में तेलसिंह राठिया की फसल को नुकसान पहुचाया और उसके बाद पुसलदा कि ओर चले गया ।

## स्कूटी पर ओड़िसा से गांजा ला रहा आरोपी गिरफ्तार, दो किलो गांजा जब्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीण के दिशा निर्देशन पर नव पदस्थ थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में दिनांक 26/11/2021 को ससरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर भठली चौंक सरिया में नाकेबंदी कर ओडिसा से स्कूटी पर गांजा लेकर आ रहे आरोपी कन्हैया लाल सोनी पिता स्व0 श्याम लाल सोनी उम्र 55 वर्ष निवासी दिनदयाल कालोनी ढिमरापुर रायगढ़ को पकड़ा गया है।



थाना प्रभारी सरिया को मुखबिर से एक व्यक्ति के स्कूटी पर गांजा लेकर सरिया की ओर से रायगढ़ जाने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा कार्यवाही की गई है। पुलिस पार्टी को तलाशी में आरोपी के पास से 02 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है, आरोपी पूछताछ में उडिसा से अवैध बिक्री के लिये लेकर आना बताया है। आरोपी से गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 13 यूबी 9203 कीमती 25,000 रूपये तथा 2 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 10,500 रूपये को जप्त कर आरोपी पर थाना सरिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक देवनंदन साहू, आरक्षक राजकुमार साव एवं विपिन देहरी की अहम भूमिका रही है।

### बोलेरो की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत

**कांकेर (आरएनएस)।** बीती रात ग्राम पीव्ही 57 में बोलेरो की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत ही गई। घटना शुक्रवार रात दस बजे की है जब सफेद बोलेरो के चालक अभिजीत मंडल पिता मन्मथ मंडल 32 वर्ष निवासी पीव्ही 130 कापसी की ओर जा रहा था वही मोटरसाइकिल सवार अपने गांव की ओर जा रहा था। ग्राम पीवी 57 के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार कौशिक राय निवासी पीव्ही 68 उम्र 40 वर्ष को सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी की मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई वही भीड़ आती देख बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी थी बोलेरो चालक अपने वाहन को कंट्रोल ही नहीं कर पाया और सीधे मोटरसाइकिल सवार पर अपनी बोलेरो चढ़ा दी कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ड्राइवर नशे में धुत था। परिजनों की शिकायत पर पखांजूर थाना में आरोपी ड्राइवर के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नक्सलियों ने ग्राम पंचायत करमरी सरपंच के पति की गला घोटकर की हत्या

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम पंचायत करमरी में नक्सलियों ने ग्राम पंचायत के सरपंच पति बिरजू सलाम की गलाघोटकर मौत के घाट उतार दिया है, वहीं नक्सलियों द्वारा ग्राम पंचायत के तथा अपने निजी काम के लिए लाये गये जेसीबी वाहन को भी आग के हवाले कर दिया गया है। नक्सलियों द्वारा इस वारदात को अंजाम देने के बाद एक बैनर और पर्चे भी लगाये है। नारायणपुर एसपी गिरिजा शंकर जायसवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करमरी में बड़ी संख्या में पंहुचे नेलनार एरिया कमेटी के नक्सलियों ने शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 10 बजे पूरी घटना को अंजाम दिया है। बिरजू की निर्मम हत्या करने के बाद गांव में बैनर लगाकर उसे जन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए नक्सली बैनर में पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर विकास कार्य करने वाले लोगों को मौत की सजा देने की बात कही गई है।

स्थानिय ग्रामीणों के अनुसार करमरी के सरपंच फूलदाय सलाम के पति बिरजू सलाम अपने पंचायत में काफी सक्रिय थे, गांव के विकास कार्य में लगे रहते थे। नक्सलियों के द्वारा उन्हें विकास कार्य से दूरी बनाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन वे गांव के विकास कार्य में लगे रहे, जिससे नाराज नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया। इस नक्सली वारदात के बाद गांव में मातम का माहौल है। मृतक की तीन पुत्री एवं एक पुत्र है।

### नक्सलियों ने पटरी उखाड़कर मालगाड़ी को किया दुर्घटनाग्रस्त

**» इस दुर्घटना में मालगाड़ी के 03 इंजन एवं 02 बोगियां पटरी से उतर गई**

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के भांसी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात साढ़े 09 बजे नक्सलियों ने पटरी उखाड़कर किरंदुल से विशाखापटनम जा रही मालगाड़ी को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया है, इस दुर्घटना में मालगाड़ी के 03 इंजन एवं 02 बोगियां पटरी से उतर गई है। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने मालगाड़ी में बैनर लगाया तथा पर्चा भी फेका है, जिसे पुलिस मौके पर पंहुचकर अपने कब्जे में लिया है। घटना स्थल से बरामद बैनर और पर्चे में भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने गढ़चिरौली इलाके में नक्सलियों के मारे जाने की घटना पर विरोध जताते 27 नवम्बर को भारत बन्द का ऐलान किया है। नक्सलियों द्वारा घटना को अंजाम देने की वजह से केके लाइन पर ट्रेन यातायात ठप हो गया है। दंतेवाड़ा एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव ने बताया कि यह घटना नक्सलियों की बौखलाहट का नतीजा है। रेल लाइन को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। जल्द ही लाइन दुरुस्त कर यातायात बहाल कर लिया जाएगा। फोर्स मौके पर पंहुच गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480